उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ
क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर, देहरादून– 248001

E-Mail- ukheictcell@gmail.com

पत्रांक: 52 /42(NEP 2020 व्याख्यान)/2023–24 दिनांक: 20 सितम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्ना० एवं स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय
उत्तराखण्ड।

विषय– विडियो व्याख्यानों की विषय सामग्री की पी0पी0टी0 अथवा पी0डी0एफ0 में उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम को 40% ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित किया गया है। शासन स्तर से भी निर्देशित किया गया है कि ऑनलाइन माध्यम से पढाये जा रहे पाठ्यक्रम के व्याख्यानों की विडियो एवं विषय सामग्री को पी0पी0टी0/पी0डी0एफ0 फॉर्म में संग्रहित कर एक रिपॉजटरी तैयार की जानी है।

अतः उक्त के क्रम में आपको निवेदन है कि समस्त प्राध्यापकों को ऑनलाइन माध्यम से पढाये जा रहे पाठ्यक्रम के व्याख्यानों की विडियो एवं विषय सामग्री को पी0पी0टी0/पी0डी0एफ0 फॉर्म में अनिवार्यतः महाविद्यालय के आई0सी0टी0 नोडल अधिकारी के माध्यम से विभाग के सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ (ICT Cell) को ई–मेल **ukheictcell@gmail.com** पर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

विडियो व्याख्यानों हेतु निम्न दिशा–निर्देश अपनाये जाने आवश्यक हैं–

1. व्याख्यान वादन अवधि (कम से कम 30 मिनट) के होने चाहिए।
2. व्याख्यान विडियो+ऑडियो अथवा पीपीटी+ऑडियो आधारित होने चाहिए।
3. व्याख्यानों में विडियो एवं ऑडियो स्पष्ट हों एवं अन्य कोई बाहरी शोर नही होना चाहिए।
4. व्याख्यानों में यदि बोर्ड का प्रयोग किया गया हो तो बोर्ड पर अंकित पाठ्य सामग्री स्पष्ट एवं पठनीय होनी चाहिए।
5. व्याख्यान के साथ अपना एवं व्याख्यान का सम्पूर्ण विवरण जैसे विषय, टॉपिक, वर्ष एवं सेमेस्टर तथा प्रश्नपत्र से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी जानी आवश्यक है।
6. रिकॉर्डेड व्याख्यान के साथ व्याख्यान की सामग्री को पी0पी0टी0/पी0डी0एफ0 फॉर्म में उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

भवदीय

20.09.2023
(प्रो0 आनन्द सिंह उनियाल)
संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा

पृ0सं0 52(1-2) /42(NEP 2020 व्याख्यान)/2023–24, तददिनांकित।
प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।
2. डॉ0 प्रमोद कुमार, नोडल अधिकारी, आई0सी0टी0 प्रकोष्ठ, देहरादून।

20.09.2023
(प्रो0 आनन्द सिंह उनियाल)
संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा